रं कल्याण संस्था

रं समाज के ''रं रत्न'' श्री नृप सिंह नपलच्याल जी के पथ प्रदर्शन में वर्ष 1989 में स्थापित
एवं
रं सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण रखते हुए रं समुदाय को सुविकसित, संगठित, प्रगतिशील एवं प्रबुद्ध समाज के रूप में स्थापित कर राष्ट्र निर्माण हेतु कृत संकल्पित।

वर्ष 1989 में रं कल्याण संस्था का गठन एवं पंजीकरण लखनऊ में किया गया। संस्था के गठन के अवसर पर संस्था की आवश्यकता तथा संस्था के उद्देश्यों को भी स्पष्टतः निरूपित किया गया था जिनमें कालान्तर में न्यून आवश्यक परिमार्जन भी किया गया। अविभाजित उत्तर प्रदेश के दौरान एवं वर्ष 2000 में उत्तराखण्ड राज्य सृजन के उपरान्त संस्था द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संस्था के प्रचलित संविधान/बॉयलाज में यथा विहित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सत्प्रयास किये गये। संस्था के सभी प्रयासों का मूल आधार रहा–सदस्यों के द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाने वाला आर्थिक अंशदान (वर्ष में एक बार एक दिन की आय/आय का एक प्रतिशत); तथा उससे भी अधिक प्रत्येक सदस्य का विश्वास एवं समर्पण।

संस्था की पहुँच को दूरस्थ स्थानों में निवासरत रं समाज तक सुगम करने के लिए संस्था की शाखाएँ धारचूला, रालम पातो, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, देहरादून एवं दिल्ली में स्थापित की गयी हैं तथा संस्था पर रं समाज के इसी अटूट विश्वास एवं सदस्यों के समर्पित प्रयासों के कारण संस्था विभिन्न स्थानों में समाज के हिताय परिसंपत्तियाँ भी स्थापित करने में सफल हुई हैं। धारचूला, पिथौरागढ़, हल्द्वानी, देहरादून, बरेली, लखनऊ एवं देश की राजधानी दिल्ली में संस्था की परिसंपत्तियाँ स्थापित की गयी हैं। ये परिसंपत्तियाँ ''इंगे राजू निंगे पाटू'' के बाहर भी रं समाज को जोड़ने एवं गरीब रं छात्र छात्राओं को आगे की पढ़ाई एवं नौकरी हेतु तैयारी करने के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुयी हैं।

रं कल्याण संस्था के केंद्रीय कार्यालय के पदाधिकारियों की सूची

क्रमांक	**पद का नाम**	**पदाधिकारियों के नाम**
1	मुख्य संरक्षक	श्री नृप सिंह नपलच्याल
संस्था के केंद्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नाम		
2	अध्यक्ष	श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी
3	उपाध्यक्ष	श्री नारायण सिंह दरियाल
4	महासचिव	श्री नर सिंह नपलच्याल
5	संयुक्त सचिव	श्री जीवन सिंह मार्छाल
6	संगठन सचिव	श्री अर्जुन सिंह नपलच्याल
7	कोषाध्यक्ष	श्री दिवाकर सिंह नबियाल
8	प्रधान संपादक	श्री रमेश सिंह पतियाल
9	सांस्कृतिक सचिव	श्री करन सिंह थापा
10	सदस्य	श्री जीवन सिंह सीपाल
11	सदस्य	श्री देव कृष्ण सिंह फकलियाल
12	सदस्य	श्री कल्याण सिंह सोनाल